अमर उजाला 29/11/2022

# बुनियादी सिद्धांतों के बारे में बताया

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग ने एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों और बुनियादी सिद्धांतों पर चर्चा की। कार्यक्रम में करनाल के एचआईआरडी नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. केके पुनिया एक्सटेंशन टॉक के वक्ता रहे। उन्होंने संविधान दिवस के महत्व, इसके उत्सव के महत्व पर जोर दिया और भारतीय संविधान के विकास में योगदान देने वाले लोगों को याद किया। इस वार्ता में राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं और एनएसएस स्वयंसेवियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वीके जैन, डॉ. एसएस नैन, डॉ. तृप्ति शर्मा, डॉ. सरोज बाला, विशाल आदि मौजूद रहे। संवाद